**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1250**

**11 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**वस्त्र प्रसंस्करण केंद्र**

**1250. डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) देश में वस्त्र प्रसंस्करण केंद्रों की संख्या कितनी है; और

(ख) क्या सरकार के पास उत्पाद लागत को कम करने के लिए वस्त्र उत्पादों की बुनाई, प्रसंस्करण और अन्तिम रूप दिए जाने के लिए एक छत के नीचे लाने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क) और (ख):** इसके अलावा, वस्त्र उद्योग को आवश्यक पर्यावरण मानकों को पूरा करने में सुविधा प्रदान करने और प्रसंस्करण क्लस्टरों/प्रसंस्करण पार्कों में नए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी)/सीईटीपी के उन्नयन को सहायता प्रदान करने के लिए, सरकार ने वर्ष 2013 से एकीकृत प्रसंस्करण विकास योजना (आईपीडीएस) को लागू किया हुआ है। इस योजना का उद्देश्य भारतीय वस्त्र उद्योग को पर्यावरण के अनुकूल प्रसंस्करण मानकों और तकनीकी का उपयोग करके विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करना है। यह योजना मौजूदा वस्त्र क्लस्टरों में प्रौद्योगिकी उन्नयन और क्षमता वृद्धि के लिए भी लागू होगी। यह योजना दिनांक 31.03.2021 तक लागू थी। अब, यह योजना केवल चालू परियोजनाओं को पूरा करने के लिए लागू की जा रही है।

योजना के अंतर्गत, 6 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जो क्रियान्वयन के अधीन हैं। परियोजनाओं का राज्यवार विवरण निम्नानुसार है:

**(करोड़ रुपए में)**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | कुल स्वीकृत परियोजना लागत | भारत सरकार का स्वीकृत हिस्सा | भारत सरकार द्वारा जारी कुल हिस्सा | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बालोतरा वाटर पोल्यूशन कन्ट्रोल ट्रीटमेंट एंड रिवर्स ऑस्मोसिस प्राइवेट लिमिटेड, राजस्थान | 131.89 | 65.89 | 49.46 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 2 | जसोल वाटर पोल्यूशन कन्ट्रोल ट्रीटमेंट एंड रिवर्स ऑस्मोसिस प्राइवेट लिमिटेड, राजस्थान | 38.50 | 19.25 | 14.43 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 3 | सांगानेर एनवायरो प्रोजेक्ट डेवल्पमेंट, राजस्थान | 159.00 | 75.00 | 37.5 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 4 | नेक्स्टजेन टेक्सटाइल पार्क, राजस्थान | 129.42 | 64.71 | 6.30 | क्रियान्वयन के अधीन |
| 5 | पाली कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, राजस्थान | 100.00 | 50.00 | 37.50 | पूर्ण होने के अधीन |
| 6 | गुजरात इको टेक्सटाइल पार्क, **गुजरात** | 146.39 | 73.195 | 54.84 | क्रियान्वयन के अधीन |
| **कुल** | | **705.2** | **348.045** | 200.02 | |

इसके अतिरिक्त, देश भर में 30 से अधिक प्रसंस्करण क्लस्टर फैले हुए हैं जिनमें आंध्र प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश आदि राज्य/केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं।

वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य-श्रृंखला के लिए एकीकृत बड़े पैमाने पर और आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना सुविधा विकसित करने के लिए, सरकार ने वर्ष 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों में 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को भी मंजूरी दी है। सरकार ने पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए 7 साइटों अर्थात तमिलनाडु (विरुद्धनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) को अंतिम रूप दिया है। ये पार्क स्पिनिंग, विविंग, प्रसंस्करण और प्रिटिंग से गारमेंट विनिर्माण, सहायक उपकरण निर्माताओं तक एक ही स्थान पर एकीकृत वस्त्र मूल्य श्रृंखला बनाने का अवसर प्रदान करेंगे, जिससे लॉजिस्टिक और ट्रांजेक्शन कॉस्ट कम होगी। मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) और तकनीकी वस्त्र नए निवेश का एक प्रमुख घटक होने की उम्मीद है।

****